# हरियाणा विधान सभा

की

# कार्यवाही

13 मार्च, 2015

खण्ड-1, अंक-5

अधिकृत विवरण

Haryana Vidhan Sabha Secretariat
LIBRARY
Chandigarh

## विषय सूची

शुक्रवार, 13 मार्च, 2015

| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| तारांकित प्रश्न एवं उत्तर | (5) 1 |
| शोक प्रस्ताव | (5) 8 |
| नियम 45 (1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर | (5) 8 |
| अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर | (5) 17 |
| बैठक का स्थगन | (5) 25 |

मूल्य :

154

Haryana Vidhan Sabha Secretariat * Chandigarh * LIBRARY

# हरियाणा विधान सभा

शुक्रवार, 13 मार्च, 2015

विधान सभा की बैठक हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में प्रातः 10.00 बजे हुई। अध्यक्ष (श्री कंवरपाल) ने अध्यक्षता की।

---

## तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

**श्री अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, अब प्रश्न काल शुरू होता है

### To Augment the Capacity of Power Sub-Station

***445. Shri Ved Narang:** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to augment the capacity of exisitng Power Sub- station in Barwala city; if so, the details thereof.

**शिक्षा मंत्री (श्री राम विलास शर्मा) :** हां, श्रीमान। वित्तीय वर्ष 2015-16 में 33 के0वी0 सब-स्टेशन, बरवाला शहर की क्षमता बढ़ाने के लिए योजना बनाई गई है।

**श्री वेद नारंग :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि बरवाला शहर में आज से 10 साल पहले इस पावर सब-स्टेशन में 15000 कनेक्शन थे और आज इनकी संख्या बढ़कर लगभग 45000 हो चुकी है। अध्यक्ष महोदय, पावर सब-स्टेशन पर कर्मचारियों की संख्या कम है। क्या मंत्री जी बतायेंगे कि पावर सब-स्टेशन पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की इनकी कोई योजना है, यदि है तो कब तक कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगे ?

**श्री रामबिलास शर्मा :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि इनकी मांग जायज है क्योंकि बिजली एक ऐसा विषय है जिसकी लगातार मांग के साथ खपत भी बढ़ती जा रही है । अध्यक्ष महोदय, इस पावर सब-स्टेशन की क्षमता 33 के.वी.ए. की है । हरियाणा सरकार कर्मचारियों की संख्या और इंजीनियर्ज की संख्या भी बढ़ाने जा रही है।

**श्री वेद नारंग :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि जो बरवाला शहर में बिजली घर का सब-स्टेशन था, उसका भवन एक साल से टूटा हुआ है, क्या सरकार के पास भवन के निर्माण की कोई योजना है? अध्यक्ष महोदय जो सब-स्टेशन चलाया जा रहा है, वह बरवाला शहर से लगभग दो किलोमीटर बाहर है इसलिए उपभोक्ताओं को जब भी कोई दिक्कत होती है तो उनको काफी दूर जाना पड़ता है। जिस वजह से उन उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । क्या मंत्री जी बतायेंगे कि बरवाला शहर में भवन निर्माण कब तक हो जायेगा?

**श्री रामबिलास शर्मा:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि सब-स्टेशन के अपग्रेडेशन और भवन की मुरम्मत करने के लिए सरकार ने योजना बनाई है ।

**श्री अनूप धानक:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को कहना चाहता हूँ कि जो श्री वेद नारंग जी ने प्रश्न उठाया है उससे मेरा भी ताल्लुक है क्योंकि बरवाला चारों और से मेरे विधान सभा क्षेत्र से लगता है तो सब-स्टेशन की क्षमता बढ़ाने की समय सीमा कब तक होगी? अध्यक्ष महोदय, राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट के अधीन आने वाले जो 10 किलोमीटर के गाँव हैं उसमें 24 घंटे बिजली देने का प्रावधान है तो उसमें तीन गाँव अभी तक इस सब-स्टेशन की वजह से जुड़ नहीं पाये हैं जैसे सरहोड़, गैबीपुर और खरकड़ा । अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री से पूछना चाहता हूँ कि इस सब-स्टेशन की क्षमता कब तक बढ़ाने का प्रावधान है और ये तीनों गाँव कब तक इस पावर स्टेशन से जुड़ जायेंगे?

**श्री रामबिलास शर्मा:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि अगले 6 महीने के अंदर हम इस पावर स्टेशन की कैपेसिटी और भवन निर्माण कार्य कर देंगे ।

**श्री केहर सिंह:** अध्यक्ष महोदय, मेरे हथीन हल्के में भी यही समस्या है जैसा कि माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में भी आया है कि बिजली में सुधार लाया जायेगा और सुधार हुआ भी है। हथीन हल्के में मलाई फीडर चौथे दिन बिजली देता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि उसमें सुधार लाया जाये । जो समस्या वेद नारंग जी ने उठाई, वहीं समस्या हमारे बहीन फीडर की भी है, क्योंकि उसमें गाँव ज्यादा लगने से बिजली की खपत ज्यादा होती है । इसमें बिजली दो-दो, तीन-तीन दिन के अंतराल में दी जाती है ! यह प्रश्न वेद नारंग जी के प्रश्न से जोड़ दिया जाये और इस समस्या का हल किया जाये ।

**श्री रामबिलास शर्मा:** अध्यक्ष महोदय, आप तो अच्छी तरह से जानते हैं कि बरवाला उधर और हथीन इधर है। हथीन हिनकुं है और बरवाला हुनकुं है। (हंसी) माननीय सदस्य श्री केहर सिंह ने स्वीकार किया है कि बिजली की सप्लाई में सुधार हुआ है । हरियाणा सरकार को हथीन विधान सभा क्षेत्र की भी उतनी ही चिन्ता है जितनी कि बाकी क्षेत्रों की है। अध्यक्ष महोदय, केहर सिंह जी जो भी स्पेसिफिक प्रश्न पूछेंगे उसका उत्तर दिया जायेगा ।

**श्री कृष्ण लाल पंवार:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि यह प्रश्न इससे रिलेटिड तो नहीं है, लेकिन मेरा एक सुझाव और अनुरोध भी है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र मतलोडा में 132 के0वी0 का पॉवर हाउस है। वहां की जनता की समस्याओं को देखते हुए उसमें 16 एम0वी0ए0 के दो ट्रांसफार्मर लगने थे, उनमें से एक तो लग गया है और एक अभी तक पैंडिंग पड़ा हुआ है। माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि जो 16 MVA का एक ट्रांसफार्मर पैंडिंग पड़ा हुआ है, उसे लगवाने की कृपा करें ।

**श्री रामबिलास शर्मा:** अध्यक्ष महोदय, श्री कृष्ण लाल पंवार बिजली विभाग के काफी एक्सपर्ट है क्योंकि इन्होंने ने बिजली विभाग में काफी वर्षों तक सेवा की है । पंवार साहब ने जो मतलोडा में 16 एम0वी0ए0 का ट्रांसफार्मर लगाने का अनुरोध किया है, उसे सरकार बहुत जल्दी ही लगाने की व्यवस्था करेगी ।

**श्री परमिन्दर ढुल :** अध्यक्ष महोदय, इस समय सदन के नेता भी उपस्थित हैं, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूँ कि पिछली सरकार के कार्यकाल में हमारे जीन्द

जिले में बिजली निगम के सहयोग से और एन0टी0पी0सी0 के सहयोग से मेरे हल्के के गांव किला जफरगढ़ और निडानी में 220 के0वी0ए0 के दो बड़े पॉवर स्टेशन लगाने की घोषणा हुई थी। अध्यक्ष महोदय, क्या मौजूदा सरकार उस घोषणा को पूरा करके उस इलाके के लोगों को कुछ राहत देगी जो कांग्रेस सरकार के समय में मंजूर हुई थी ?

**वित्त मंत्री (कैप्टन अभिमन्यु):** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी श्री रामबिलास शर्मा को अति महत्वपूर्ण विषय के लिए अचानक थोड़ी देर के लिए सदन से बाहर जाना पड़ गया है । अध्यक्ष महोदय, आपसे नम्र निवेदन है कि जिन प्रश्नों के उत्तर माननीय मंत्री जी देने वाले थे, उन प्रश्नों को बाद में ले लें और जो दूसरे प्रश्नों के उत्तर देने हैं, उन प्रश्नों को आगे ले लें । अध्यक्ष महोदय, यही मेरी आपसे विनती है।

**श्री अध्यक्ष:** ठीक है ।

---

## To Fill up the vacant Posts of Doctors

***377. Shri Om Parkash:** Will the Health Minister be pleased to State whether there is any proposal under consideration of the Government to fill up the vacant posts of doctors and to provide the X-Ray and Ultrasound Machines in General Hospital of Siwani Town of Loharu Constituency; if so, the time by which the said posts are likely to be filled up and X-Ray Machines and Ultra-Sound Machine are likely to be provided therein togetherwith the details thereof ?

**स्वास्थ्य मन्त्री (श्री अनिल विज) :** श्रीमान जी, लोहारु विधान सभा क्षेत्र के सामान्य अस्पताल, सिवानी कस्बा में चिकित्सा अधिकारियों के छः स्वीकृत पदों में से चार पद भरे हुये हैं तथा नई भर्ती द्वारा जब भी चिकित्सक उपलब्ध होंगे तो चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने के प्रयास कर लिये जायेंगे, जिसके लिये आवश्यक कार्यवाही आरम्भ की जा चुकी है। वित्त वर्ष 2015-2016 में नई एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव विचाराधीन है परंतु प्रशिक्षित रेडियोलोजिस्टों की भारी कमी के कारण अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**श्री ओम प्रकाश:** अध्यक्ष महोदय, किसी भी नागरिक का जीवन बचाना सरकार की पहली जिम्मेवारी होती है । सिवानी बहुत बड़ा कस्बा है, यह नेशनल हाइवे-65 जिसको अब नेशनल हाइवे-52 के नाम से भी जाना जाता है, पर स्थित है । अध्यक्ष महोदय, दो साल पहले एक बहुत बड़ी सड़क दुर्घटना हुई थी जिसमें 32 लोग मारे गये थे । यदि सिवानी सामान्य अस्पताल में डॉक्टर्ज़, अल्ट्रासांउड और एक्स-रे की मशीनें और पूरा स्टॉफ उपलब्ध होता तो उन लोगों में से बहुत से लोगों की जानें बचाई जा सकती थीं । अध्यक्ष महोदय, जिस समय दुर्घटना हुई उस समय अस्पताल में पूरा स्टॉफ भी मौजूद नहीं था । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आशा भी करता हूँ और मांग भी करता हूँ कि सिवानी के सामान्य अस्पताल में बहुत से गांव कवर होते हैं, इसलिए अल्ट्रासांउड और एक्स-रे मशीनों के साथ-साथ वहां पर स्थाई डॉक्टरों की नियुक्ति की जाये क्योंकि पिछले 8-10 सालों से डॉक्टर्ज डिप्यूट होते रहे हैं लेकिन स्थाई रुप से डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं हो पाई है, इसलिए सामान्य अस्पताल में जल्दी से जल्दी स्थाई डॉक्टरों की नियुक्ति की जाये ।

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की बात से पूरी तरह से सहमत हूं। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की बात ठीक है। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदेश के सभी सामान्य अस्पतालों की स्थिति ठीक नहीं है।

स्वास्थ्य विभाग में काफी पद रिक्त पड़े हैं । हैल्थ डिपार्टमेंट के सारे डॉक्टरों की मैडीकल, पैरामैडीकल की सैंकशन पोस्ट्स की संख्या 19893 हैं जिसमें से केवल 15026 पोस्टें ही भरी गई हैं । 4667 पोस्टें खाली हैं । उसी प्रकार से नेशनल हैल्थ मिशन की 14090 पोस्टें हैं उसमें से 12020 पोस्टें भरी गई हैं और 2070 पोस्टें खाली हैं। आप मेरी बात से सहमत होंगे कि 4 महीनों में नियुक्तियां नहीं की जा सकती हैं लेकिन हमने भर्ती प्रक्रिया आरम्भ कर दी है और हमने कई कदम उठाए हैं । हमने मुख्य मंत्री जी से स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों की कमी को देखते हुए डॉक्टरों को रिइम्पलाई करने की स्वीकृति हासिल की है । इस प्रकार से हमने लगभग 529 डॉक्टरों की रिक्त पोस्टें भरने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है । उसके लिए हम अगर एच0पी0एस0सी0 के थ्रु भर्ती करें तो 3-4 साल लग जाएंगे और तब तक कई और जानें जा सकती हैं । इसलिए भर्ती को एच0पी0एस0सी0 के प्रिव्यू से बाहर करने के लिए मैंने फाईल मूव की है । हमने मुख्यमंत्री जी की स्वीकृति प्राप्त कर ली है और एच0पी0एस0सी0 के चेयरमैन के पास फाईल गई हुई है । जैसे ही वहां से हमें स्वीकृति प्राप्त होगी हम हरियाणा के सारे रिक्त पदों पर भर्ती करेंगे और जल्द ही डॉक्टरों की कमी को हम पूरा कर देंगे । मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही उस कमी को पूरा कर देंगे ।

**श्री परमिन्द्र सिंह ढुल :** अध्यक्ष महोदय, माननीय स्वास्थ्य मंत्री को हरियाणा प्रदेश के स्वास्थ्य की काफी चिंता है । वे पूरे हरियाणा में घूम रहे हैं लेकिन हमारे जींद के अंदर अब तक नहीं आए हैं । अध्यक्ष महोदय, जुलाना और जींद के अंदर एक बहुत बड़ा अस्पताल है । पिछली सरकार ने 200 बैड का अस्पताल बनाने का निर्णय लिया था । वहां पर एक बिल्डिंग बना दी गई है । वहां पर एक जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 कॉलेज खोलने का भी प्रस्ताव था । क्या वर्तमान सरकार उसको वह दर्जा देकर उस इलाके को राहत देगी? मेरा अनुरोध है कि उसके लिए डॉक्टरों की भर्ती की जाए और उस अस्पताल को चालू किया जाए । जुलाना एक ऐसा क्षेत्र है जो रोहतक से 35 किलोमीटर, जींद से 25 किलोमीटर, गोहाना से 24 किलोमीटर, नारनौंद से 22 किलोमीटर दूर है । यह ऐसी जगह पर है जहां नेशनल हाईवे 71 है । वहां की और इस क्षेत्र की लगभग समान समस्या है। वहां पर भी डॉक्टर, सर्जन, रेडियोलोजिस्ट, डेंटिस्ट और मेडिसन के डॉक्टर की बहुत आवश्यकता है। जुलाना के लोगों ने अपने पैसे खर्च करके एक अल्ट्रासाऊंड मशीन अस्पताल को दान में दी थी । लेकिन पिछली सरकार की भेदभावपूर्ण नीति के कारण उस मशीन को कभी यूज ही नहीं किया गया । क्या उस मशीन को यूज करके इलाके की जनता को राहत प्रदान की जाएगी ? क्या उस नवनिर्मित बिल्डिंग के अंदर डॉक्टर नियुक्त किये जाएंगे ? अभी तक उस बिल्डिंग का रास्ता कच्चा है। क्या उस रास्ते को भी बनाया जाएगा? इन सुविधाओं के प्राप्त होने पर वहां की जनता नये अस्पताल का उपयोग कर सकेगी । क्या स्वास्थ्य मंत्री इसके बारे में बताएंगे?

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, विधायक महोदय की चिंता सही है। जैसा मैंने पहले कहा कि 2-3 महीने के अंदर हमारी कोशिश है कि हम सब नियुक्तियां पूरी कर सकते हैं। जहां

तक बात अल्ट्रासाउंड मशीन की हैं इमें पूरी संख्या में रेडियोलोजिस्ट नहीं मिल रहे हैं। पूरे हरियाणा में केवल 6 रेडियोलोजिस्ट हैं। मैं हर जिले में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाना चाहता हूं। लेकिन उसको ऑपरेट करने के लिए भी रेडियोलोजिस्ट चाहिएं। हम जब भी वेकेंसिज निकालते हैं तो रेडियोलोजिस्ट सरकारी नौकरी की अपेक्षा प्राइवेट क्षेत्र को तवज्जो देते हैं जिसके कारण वेकेंसिज रिक्त रह जाती हैं। उनको प्राइवेट क्षेत्र में अच्छी तनख्वाह मिल जाती है। इसलिए रेडियोलोजिस्ट के पद नहीं भरे गए हैं। हमारे प्रयासों के बावजूद वे गवर्नमेंट जॉब में नहीं आना चाहते हैं। जहां तक जींद आने की बात है मैं एक दिन जींद अस्पताल के पास से निकला था तो वह अस्पताल बिल्कुल धुल गया था। अस्पताल की अच्छी तरह से सफाई हो गई थी। वह ठीक हो गया था ।

जिस भी सड़क से मैं निकलता हूं तो उस अस्पताल की स्थिति ठीक हो जाती है । जो आपने कच्चे रास्ते की बात की है अगर ऐसा कच्चा रास्ता है तो उसको तुरन्त एग्जामिन करवाकर उस सड़क को हम ठीक करवाकर देंगे । इस बारे में मैं आपको ऑन दि फ्लोर ऑफ दि हाउस कह रहा हूँ कि इस बारे में जरूर एग्जामिन करवायेंगे । जहां तक आपने 200 बैड का अस्पताल बनाने की बात की हैं हालांकि आपका यह सैपरेट प्रश्न है । हम केवल मांगों पर अस्पताल के दर्जे नहीं बढ़ाते, इसके लिए कुछ विभाग के मापदण्ड होते हैं ।

**श्री अध्यक्ष:** आपने इनके सैपरेट प्रश्न की बात को भी मान लिया है ।

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, अगर वे अस्पताल मापदण्ड को पूरा करेंगे और पोसिबल होगा तो हम इस पर जरूर विचार करेंगे ।

**श्री परमिन्द्र सिंह ढुल:** अध्यक्ष महोदय, उस कालेज की बिल्डिंग बन चुकी है और ए०एन०एम०, जी०एन०एम० कालेज की घोषणा हो चुकी है लेकिन पता नहीं किन कारणों से पिछली सरकार के समय में इस कालेज का काम परवान नहीं चढ़ पाया। क्या यह सरकार उस कालेज के काम को परवान चढ़ायेगी ?

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, पूरे हरियाणा में जितने भी अस्पताल, डिसपैंसरीज बन चुके हैं या अण्डर कन्सट्रक्शन हैं या जो सैंग्शन हो चुके हैं। मैंने उन सभी का रिकार्ड मंगवा लिया है क्योंकि हम सब के लिए काम करना चाहते हैं । कहां कहां पर कौन कौन से इक्विपमैंट्स हैं और उनमें से कौन कौन से वर्केब्ल हैं और कौन कौन से नॉन वर्केब्ल हैं इस बारे में भी मैंने पूरे हरियाणा की रिपोर्ट मंगवा ली है। सर, इसके लिए समय तो लगता है, but we are on the way हम सभी के लिए काम कर रहे हैं । हम पूरे हरियाणा के अस्पतालों को पूरी तरह से ठीक करके देंगे ताकि हरियाणा की जनता को इन अस्पतालों का लाभ मिल सके ।

**श्रीमती रेणुका बिश्नोई :** अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे बोलने का अवसर तो दिया । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान हांसी के सिविल अस्पताल की तरफ आकर्षित करना चाहूंगी । माननीय मंत्री जी का भी धन्यवाद करती हूं कि इन्होंने हांसी के सिविल अस्पताल का स्वयं विजिट किया था और वहां के हालात को नजदीक से देखा है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि उनकी विजिट के बाद भी उस सिविल अस्पताल में कोई भी सुधार नहीं हुआ है। **(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य श्री कृष्ण लाल पंवार पदासीन हुए)** माननीय मंत्री जी ने सदन में अभी

[श्रीमती रेणुका बिश्नोई]

आश्वासन दिया है कि पूरे हरियाणा के अस्पतालों का सुधार करेंगे । चेयरमैन सर, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से गुजारिश करूंगी कि हांसी के सिविल अस्पताल में एक एस0एम0ओ0 का पद सृजित करवा दीजिए क्योंकि उस अस्पताल में एक एस0एम0ओ0 भी नहीं है । उस सिविल अस्पताल में 11 मेडिकल आफिसर्ज के पद हैं लेकिन वहां पर केवल चार डाक्टर्ज ही ऑन ड्यूटी पर हैं बाकी दो पद रिक्त हैं और पांच को ऑन पेपर ड्यूटी पर दिखा रखा है लेकिन वे पांचो डाक्टर्ज पिछले तीन चार महीनों से अपनी ड्यूटी पर नहीं आये हैं । उस अस्पताल में डैन्टिस्ट की पोस्ट खाली है, सफाई कर्मचारी की पोस्ट खाली है, धोबी की पोस्ट खाली है और वहां पर न कोई सफाई है और न ही उस अस्पताल में कोई फैसीलिटी दी गई है। हांसी का सिविल अस्पताल नेशनल हाईवे नं010 पर स्थित है और आसपास के लगभग 100 गांवों की यह अकेला अस्पताल केयर करता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से हाथ जोड़कर अनुरोध है कि वे इस अस्पताल की तरफ प्राथमिकता से ध्यान दें ।

**श्री अनिल विज:** चेयरमैन सर, माननीय सदस्या ठीक कह रही हैं कि हांसी के अस्पताल का मैं खुद निरीक्षण करने के लिए गया था । हांसी का सिविल अस्पताल इतना बढ़िया बना हुआ है लेकिन फिर भी वहां पर मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है। चेयरमैन सर, मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि जब मैंने स्वास्थ्य विभाग का कार्यभार संभाला था तब मुझे पता लगा था कि 34 अस्पतालों में एक भी डाक्टर नहीं लगा हुआ था । जिस अस्पताल की बिल्डिंग में डाक्टर न हो तो उस बिल्डिंग को हम एक कमरा तो कह सकते हैं उसे हम अस्पताल नहीं कह सकते । स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में लम्बे समय से डाक्टर नहीं लगे हुए थे । मैंने उन अस्पतालों में डाक्टर लगाये । हांसी का अस्पताल भी लोगों की अच्छी सेवा कर सकता है । हांसी के अस्पताल के लिए मैंने एस0एम0ओ0 लगाने के आर्डर कर दिए हैं अगर एस.एम.ओ. ने अब तक ड्यूटी ज्वाइन नहीं की है तो वह सोमवार तक अपनी ड्यूटी जरूर ज्वाइन कर लेगा। **(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)** बाकी की जो शेष 4-5 डाक्टर्ज की नियुक्तियां हमने कर दी हैं अगर उन्होंने भी ज्वाइन नहीं किया है तो उनको जल्दी ही ज्वाइन करवा देंगें । हम सारे हरियाणा के अस्पतालों के एक एक रिक्त पद को भरेंगे यह मैं सारे सदन को आश्वासन देता हूं।

**श्री मनीष ग्रोवर:** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न यह है कि जब कोई एक्सीडैंट वगैरह हो जाता है अर्थात् कोई एमरजैंसी घटना घट जाती है तो ट्रैफिक कंजैशन की वजह से पेशैंट समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता है। अध्यक्ष महोदय, पी0जी0आई0 रोहतक एक बहुत बड़ा अस्पताल है तथा यह अस्पताल महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक के साथ ही स्थित है जिसकी वजह से ट्रैफिक की भारी दिक्कत आती है । इसलिए मेरी आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि पी0जी0आई0 रोहतक पहुंचने के लिए बाहर से रास्ते का प्रावधान किया जाये ताकि एमरजैंसी केसिज़ में पेशैंट्स की जान बचाई जा सके । (विघ्न)

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ग्रोवर साहब ने रोहतक मैडिकल कॉलेज की बात उठाई है । चूंकि मैडिकल कॉलेज भी मेरे पास है इसलिए इन्होंने पहले भी मुझे अपनी इस समस्या से अवगत कराया था कि एमरजैंसी केसिज़ में अम्बुलैंसिज़ के द्वारा दूर-दूर से पेशैंट्स मैडिकल कॉलेज, रोहतक में आते हैं लेकिन रास्ते बड़े कंजैस्टिड हैं तथा ट्रैफिक कंजैशन की बड़ी समस्या है इसलिए इस मैडिकल कॉलेज में अम्बुलैंसिज़ नहीं पहुंच पाती हैं । इस समस्या के निदान के लिए इन्होंने एक रास्ता सजैस्ट किया है जो महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी

से होकर गुजरता है । इस रास्ते के लिए शिक्षा विभाग की सहमति लेना जरूरी है क्योंकि वहां पर यूनिवर्सिटी कैम्पस है । मैं माननीय सदस्य को आश्वासन देना चाहूंगा कि यदि शिक्षा विभाग इजाजत दे देगा तो मैं अवश्य माननीय मुख्यमंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि वहां पर यह रास्ता बनाया जाये ।

**श्रीमती किरण चौधरी:** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने प्रश्न के उत्तर में कहा है कि the proposal for providing new X-Ray machine is under consideration during the Financial Year 2015-16 but due to acute shortage of trained radiologists, there is no proposal to provide Ultrasound machine. अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय एक तरफ तो कह रहे हैं कि हम ये सुविधायें उपलब्ध करवानी हैं लेकिन दूसरी तरफ कह रहे हैं कि अस्पतालों में इन मशीनों के प्रबंध करवाने का कोई प्रस्ताव नहीं है । मैं कहना चाहूंगी कि सरकारी अस्पतालों में सही तरीके से काम करने के लिए एक्स-रे मशीनों एवं अल्ट्रासाउंड मशीनों का होना बहुत जरूरी है । वास्तविकता यह है कि ये एक्स-रे मशीनें एवं अल्ट्रासाउंड मशीनें सरकारी अस्पतालों में हैं नहीं जिसकी वजह से मजबूरी में गरीब लोग अपने इलाज के लिए प्राईवेट अस्पतालों में जाते हैं तथा प्राईवेट अस्पताल वाले उन गरीब लोगों का खून चूस लेते हैं । एक तरफ तो मानीनय मंत्री जी कह रहे हैं कि वे सभी अस्पतालों में ये सुविधायें उपलब्ध करवायेंगे दूसरी तरफ कह रहे हैं कि इसकी कोई प्रोपोज़ल ही नहीं है । इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगी कि उन्होंने इस संबंध में जो सदन के पटल पर सूचना रखी है क्या वह सही है अथवा अभी जो सदन में अपना ब्यान दिया है, वह सही है ? (विघ्न)

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि जहां तक मैंने कहा कि हम हर जिले के सभी अस्पतालों में ये सुविधायें मुहैया करवाना चाहते हैं, यह बात भी ठीक है और जहां तक सदन के पटल पर इस बारे में रखी गई सूचना का सवाल है, वह भी ठीक है। (विघ्न) मैंने उस पर्टिकुलर अस्पताल के बारे में कहा है। मैं सभी अस्पतालों में तो ये सुविधायें उपलब्ध नहीं करवा सकता हूं। (विघ्न) जो सुविधायें आप पिछले 10 सालों में उपलब्ध नहीं करवा पाये, आप उनकी हमारे से 4 महीने में उम्मीद करती हैं। (विघ्न) आप कृपया अपने कान खोलकर रखें। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, जहां तक अस्पतालों में एक्स-रे मशीनें प्रोवाईड करने की बात है, इस बारे में मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि इस बारे में विभाग द्वारा एक प्रोपोजल पहले ही बनाई जा चुकी है जिसकी फाईल मेरे पास आई थी। उस फाईल पर मैंने अपने कमैंट्स दिए हैं। हम सारे अस्पतालों को ऑनलाईन करने जा रहे हैं जिसके लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार हो रहा है। इस ऑनलाईन सिस्टम के माध्यम से जो पेशैंट्स सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करवाने के लिए आयेंगे उनका सारा रिकार्ड कम्प्यूटर में फीड किया जाएगा कि उस पेशैंट को कौन सी बीमारी है, कौन सी दवाईयाँ दी गईं, किस दवाई ने रिएक्शन किया। एक्स-रे आदि की रिपोर्ट्स भी सब कम्प्यूटर में फीड होंगी जिससे डाक्टर्ज़ को अलग से जाकर एक्स-रे रिपोर्ट्स आदि देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी, सारा रिकार्ड कम्प्यूटर में ऑनलाईन होगा। इसलिए मैंने विभाग को सुझाव दिया कि जब हम एक्स-रे मशीनें ही खरीदने जा रहे हैं तो हमें डिजीटल एक्स-रे मशीनें ही खरीदनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई दिक्कत न आये। इस संबंध में फाईल प्रोसैस में है तथा बहुत जल्दी ही हम इसी वित्तीय वर्ष में अस्पतालों में ये एक्स-रे मशीनें लगाने जा रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**Smt. Kiran Chaudhary:** Speaker Sir, I always go on the text and I do not go beyond that.

**श्री अध्यक्ष:** किरण चौधरी जी, आप ठीक कह रही हैं और मैं आपकी बात से सहमत हूं।

## शोक प्रस्ताव

**मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल):** अध्यक्ष महोदय, मुझे अभी अभी एक दु:खद समाचार मिला है जिसकी सूचना मुझे सदन को देनी है कि पार्लियामैंट्री अफेयर्स मिनिस्टर श्री राम बिलास शर्मा के दामाद डा. प्रशांत शर्मा जो पी0जी0आई0, रोहतक में रजिस्ट्रार भी रहे हैं, का 39 वर्ष की अल्पायु में निधन हो गया है। उनकी बेटी आशा शर्मा भी डाक्टर हैं। मेरा उनके साथ पारिवारिक सम्बध रहा है और इस बेटी को मैंने गोद में खिलाया है। नारनौल में सायं 4 बजे आज उनका दाह संस्कार है।

मुझे एक और दु:खद समाचार मिला है जिसकी सूचना भी मुझे सदन को देनी है कि हमारे विधायक श्री जसविन्द्र सिंह संधू की ताई श्रीमती हरजीत कौर का 12 मार्च, 2015 को रात 9 बजे निधन हो गया है। इस दु:खद वेला में इन परिवारों की दु:ख की घड़ी में हम उनके साथ हैं । मैं पूरे सदन की तरफ से शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं ।

**श्री अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी सदन में जो शोक प्रस्ताव लेकर आए हैं उसके लिए सारा सदन शोकाकुल है । उन शोक-संतप्त परिवारों तक इस सदन की संवेदना पहुंचा दी जायेगी। अब मैं सभी सदस्यों से निवेदन करता हूं कि दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण करें ।

(इस समय सदन ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण किया ।

## नियम 45 (1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर

### To Supply Round the Clock Electricity to Dhanies

***286. Shri Makhan Lal Singla:** Will the Chief Minister be pleased to State whether there is any proposal under consideration of the Government to supply round the clock electricity to the Dhanies of Sirsa Consitituency; if so, the details thereof ?

**मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) :** नहीं, श्रीमान।

---

### Construction of new passage

***248. Shri Rajdeep Phogat:** Will the PW (B&R) Minister be pleased to State whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a new passage from village Sahauwas to Sahuwas Minor; if so, the details thereof ?

**लोक निर्माण मंत्री (श्री नरबीर सिंह) :** नहीं, श्रीमान जी।

---

## Shortage of Teachers

***402. Shri Balkaur Singh:** Will the Education Minister be pleased to State-

(a) whether it is a fact that there is a shortage of teachers in Government School of Kalanwali Constituency; if so whether there is any proposal under consideration of the Government to fill up the said vacant posts; and

(b) if so, the time by which the above said posts are likely to be filled up along with the details thereof ?

**शिक्षा मंत्री (श्री राम बिलास शर्मा):**

(क) हां, श्रीमान जी, कालांवाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय विद्यालय में अध्यापकों के कुछ वर्गों में कमी है:-

विद्यालय प्राध्यापक के पदों को भरने हेतु अनुरोध पत्र अतिशीघ्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकुला को भेज दिया जाएगा। जे0बी0टी0 पदों की चयन सूची हरियाणा विद्यालय अध्यापक चयन बोर्ड पंचकुला से प्राप्त हो चुकी है तथा नियुक्ति प्रक्रिया माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक वैज्ञानिक जांच अधीन है व माननीय उच्च न्यायालय के अनुमोदन उपरांत नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाएंगे। इस विधानसभा क्षेत्र में मास्टर वर्ग में 35 अध्यापक अधिक कार्यरत हैं।

(ख) हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग से जैसे ही चयन सूचियां प्राप्त होंगी, तदानुसार रिक्त पदों को भरने हेतु आगामी कार्यवाही कर ली जायेगी।

---

## Reconstruction of Road

***315. Shri Nagender Bhadana:** Will the PW (B&R) Minister be pleased to State whether there is any proposal under consideration of the Government to reconstruct the road from Pakhal village to Fatehpur Taga in NIT Faridabad; if so, the details thereof ?

**लोक निर्माण मंत्री (श्री नरवीर सिंह):** नहीं, श्रीमान जी,

---

## Steps taken by the State Disaster Management Department

***342. Smt. Prem Lata:** Will the Revenue and Disaster Management Minister be pleased to State-

(a) the major steps taken up by the State Disaster Management Department since it inception for disaster mitigation; and

(b) the detail of funds available in the last three years separately ?

**वित्त मंत्री (कैप्टन अभिमन्यु):** वक्तव्य सदन की पटल पर रखा गया है।

## वक्तव्य

(क) राज्य आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा स्थापना पश्चात् आपदा को कम करने अर्थात् आपदा शमन के लिए उठाए गए प्रमुख कदम इस प्रकार हैं:-

(i) नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा पंजाब अनुसूचित सड़क एवं नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्वधन अधिनियम, 1963 के तहत बने पंजाब अनुसूचित सड़क एवं नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्वधन नियम, 1965 में संकलित भवन निर्माण नियमों में 11-4-2007 को अधिसूचना जारी करके संशोधन कर दिया गया है। शमन एवं रोकथाम को विकास की रणनीति में आवश्यक घटक के रूप में शामिल करने की ओर अग्रसर होते हुए हरियाणा उप-क्षेत्र के लिए निर्मित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र 2021 उप-क्षेत्रीय योजना में आपदा प्रबन्धन पर एक अध्याय भी शामिल किया गया है।

(ii) राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे नेशनल प्रोग्राम् फोर कपैस्टी बिल्डिग ऑफ इंजीनियरस इन अरथक्वेक रिस्क मैनेजमैंट (NPCBEERM) तथा नेशनल प्रोग्राम फोर कपैस्टी बिल्डिग ऑफ आर्किटेक्चर इन अरथक्वेक रिस्क मैनेजमैंट (NPCBAERM) 2004-2007 का राज्य में क्रियान्वन।

(iii) राज्य में भारत सरकार यू0एन0डी0पी0 आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम (2009-12) Disaster Risk Reduction का क्रियान्वन।

(iv इग्नू के माध्यम से कार्यान्वित राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की एक पायलट परियोजना का क्रियान्वन जिसका उद्देश्य सरकारी अधिकारियों और पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों का आपदा तैयारी, रोकथाम, शमन तथा प्रतिक्रिया के लिए क्षमता निर्माण करना था।

(v) आपदा शमन के उपायों को शामिल करते हुए 21 जिला आपदा प्रबन्धन योजनाओं का निर्माण।

(vi) राज्य आपदा प्रबन्धन योजना तथा राज्य आपदा प्रबन्धन नीति के निर्माण हेतु कदम उठाना।

(vii) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 06-01-2014 को जारी दिशा-निर्देशों द्वारा केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं (Centrally Sponsored Schemes) में 10% फलेक्सी फंड का प्रायोजन किया है जिसका प्रयोग केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के क्षेत्र में आपदा शमन की गतिविधियों पर भी किया जाना है। इन दिशा-निर्देशों को भी सम्बन्धित विभागों को अग्रेषित करके इस निधि का उपयोग उनसे सम्बन्धित केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के क्षेत्र में आपदा शमन के लिए करने का अनुरोध किया गया है।

(ख) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 6 जनवरी 2014 को दिशा-निर्देश जारी करके राज्य में संचालित केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं में 10% फलेक्सी फंड का प्रायोजन किया है जिसका प्रयोग केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के क्षेत्र में आपदा शमन की गतिविधियों पर भी किया जा सकता है। हालांकि, गत तीन साल में राज्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आपदा शमन सम्बन्धित निधियों की उपलब्धता को निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

---

**Sports Stadium in Guhla Cheeka Constituency**

***351. Shri Kulwant Ram:** Will the Sports & Youth Affairs Minister be pleased to State whether it is a fact that there is no Sports Stadium in about 20-25 villages across Ghaggar in Guhla Cheeka Constituency?

**स्वास्थ्य मंत्री (श्री अनिल विज):** हां, श्रीमान जी,

---

**Construction Work of Mini Secretariat and Judicial Complex**

***360. Shri Kuldip Sharma:** Will the Revenue and Disaster Management Minister be pleased to State the time by which the construction work of Mini Secretariat and Judicial Complex at Ganaur is likely to be completed?

**वित्त मंत्री (कैप्टन अभिमन्यु):** लघु सचिवालय-उपमण्डल कार्यालय-नागरिक परिसर गन्नौर का निर्माण कार्य दिनांक 31-3-2016 तक पूर्ण होने की सम्भावना है तथा न्यायिक परिसर गन्नौर का निर्माण कार्य दिनांक 3-4-2015 तक पूर्ण होने की सम्भावना है।

---

**To fill up the Vacant Post of Medical Staff and Renovation of PHC's**

***114. Smt.Naina Singh Chautala:** Will the Health Minister be pleased to State-

(a) the steps taken by the Government to fill up the vacant post of the required medical staff, including Doctors in Public Health Centers of Dabwali and Chautala in District Sirsa; and

(b) whether there is any proposal to renovate/reconstruct the buildings of PHC in village Chautala and other PHC's of the Dabwali Constituency; if so, the time by which the aforesaid work is likely to be started?

स्वास्थ्य मंत्री (श्री अनिल विज):

(क) श्रीमान जी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डबवाली में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी का एक स्वीकृत पद तथा चिकित्सा अधिकारियों के सभी सात स्वीकृत पद भरे हुये हैं, जबकि सामान्य अस्पताल चौटाला में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी का एक स्वीकृत पद तथा चिकित्सा अधिकारियों के सभी पांच स्वीकृत पद भरे हुये हैं।

(ख) हां, श्रीमान जी। सामान्य अस्पताल, चौटाला के भवनों का नवीकरण पंचायती राज विभाग द्वारा करवाया जा चुका है। अस्पताल के भवन का नवीकरण पूर्ण हो चुका है। रिहायशी मकानों का नवीकरण प्रगति पर है। डबवाली निर्वाचन क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों का नवीकरण/पुन: निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

---

## Six laning of NH-2

***4. Sh. Karan Singh Dalal:** Will the PW (B&R) Minister be pleased to State-

(a) whether the NH-2 is being six laned in area of District Faridabad/ Palwal;

(b) if so, the number of Fly overs to be constructed on NH-2 passing through Palwal city and other village in Palwal District; and

(c) the total cost of the project togetherwith the time by which it is likely to be completed?

**लोक निर्माण मंत्री (श्री नरबीर सिंह):**

(क) हां श्रीमान जी,

(ख) पलवल शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर 2 फ्लाई ओवर बनाने का प्रस्ताव है। पलवल जिले के अन्य गांवों में राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को 6 मार्गीय करने की परियोजना के अंतर्गत 1 फ्लाईओवर, 5 व्हीकुलर अण्डरपास,1 ओवरपास तथा 3 पैदल यात्री अण्डरपास बनाने का प्रस्ताव है।

(ग) इस परियोजना की कुल लागत 1928.22 करोड़ रुपये है तथा परियोजना के पूर्ण होने की सम्भावित तिथि अभी निर्धारित नहीं की जा सकती।

---

## Post of Medical Officers and Para Medical Staff

***30. Shri Jagbir Singh Malik:** Will the Health Minister be pleased to State whether the posts of Medical Officers and Para Medical staff for CHC Juan (Sonepat) has been sanctioned; if so, the details thereof togetherwith the time by which the above posts of Medical Officers and Para Medical staff are likely to be filled up?

**स्वास्थ्य मंत्री (श्री अनिल विज):** एक कथन सदन के पटल पर रखा है।

नियम 45 (1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर

**कथन**

चिकित्सा अधिकारियों तथा पैरा मैडिकल कथन अमले के स्वीकृत तथा भरे हुए पदों बारे स्थिति निम्न प्रकार है:-

| क्रम संख्या | पद का नाम | स्वीकृत | भरे हुए | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | 1 | 0 | 1 |
| 2 | चिकित्सा अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| 3 | दन्तक सर्जन | 1 | 1 | 0 |
| 4 | नेत्र सहायक | 1 | 1 | 0 |
| 5 | औषधाकारक | 2 | 2 | 0 |
| 6 | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य निरीक्षक (पुरुष) | 1 | 1 | 0 |
| 7 | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य निरीक्षक (महिला) | 1 | 1 | 0 |
| 8 | प्रयोगशाला तकनीशियन | 2 | 2 | 0 |
| 9 | स्टाफ नर्स | 1 | 1 | 0 |
| 10 | सहायक/लेखाकार | 1 | 1 | 0 |
| 11 | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) | 1 | 1 | 0 |
| 12 | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) | 1 | 1 | 0 |
| 13 | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला)-आर0सी0एच0 | 1 | 1 | 0 |
| 14 | आशुलिपिक | 1 | 0 | 1 |
| 15 | लिपिक | 1 | 1 | 0 |
| 16 | सूचना सहायक-आर0सी0एच0 | 1 | 1 | 0 |
| 17 | खंड विस्तार शिक्षक | 1 | 1 | 0 |
| 18 | चालक | 1 | 1 | 0 |
| 19 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सफाई कर्मचारी सहित | 4 | 0 | 4 |
| | **कुल** | 24 | 18 | 6 |

रिक्त पदों को उपलब्धता पर भर लिया जायेगा।

### To open a CHC in Village Jajwan and Manoharpur

***45. Sh. Hari Chand Middha:** Will the Health Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to open CHCs in village Jajwan and Manoharpur falling under the Jind assembly constituency; and

(b) the total number of CHCs and PHCs in Jind assembly constituency?

**स्वास्थ्य मंत्री (श्री अनिल विज):**

(क) नही, श्रीमान जी,

(ख) जीन्द विधानसभा क्षेत्र में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है।

---

### Re-construction of the Road

***58. Sh. Lalit Nagar:** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to reconstruct the road from village Alipur Tilori to Tigaon via Shahbad in Tigaon Assembly Constituency; and

(b) if so, the time by which the abovesaid road is likely to be reconstructed?

**लोक निर्माण मंत्री (श्री नरबीर सिंह):**

(क) नहीं, श्रीमान जी,

(ख) उपरोक्त (क) के मध्यनजर, कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती।

---

### Free Concessional Education to the Poor Children

***67. Smt. Santosh Yadav:** Will the Education Minister be pleased to state whether the education is given free or at concessional rates to the poor children by the schools to which the land is allotted by the Haryana Urban Development Authority; if so, the criteria thereof ?

**मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल):** महोदय, एक बयान सदन के पटल पर रखा जाता है।

**बयान**

हुडा द्वारा जारी की गई नीति दिनांक 6.6.1991, निर्देशानुसार स्कूलों/शैक्षिक संस्थाओं को भूमि का आबंटन, प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर निर्धारित मूल्यों पर किया जाता था। यह आवंटन गरीब छात्रों के शैक्षिक लाभ के लिए निम्नानुसार नियम और शर्तों के अधीन था:

(1) शैक्षिक संस्था/न्यास द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों हेतू, स्कूल में 10 प्रतिशत स्थानं आरक्षित रखे जाएंगे तथा ऐसे छात्रों से सरकारी स्कूल में निर्धारित फीस वसूल की जाएगी। इसके अलावा स्कूलों में 10 प्रतिशत स्थान उन विद्यार्थियों के लिए भी आरक्षित किए जाएंगे जिनके मामले में फीस उनकी आय एवं योग्यता के आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए।

(2) स्कूल की प्रबंधन समिति में अपने सदस्य के रूप में हुडा के एक प्रतिनिधि को शामिल करना होगा।

इसके अलावा वर्ष 1997 में सरकार/प्राधिकरण द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि स्कूल स्थलों की नीलामी केवल उपरोक्त शर्तों पर की जाएगी।

---

**To Open a Polytechnic Institute in Village Falwari**

***331. Sh. Kehar Singh:** Will the Technical Education Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to open a Polytechnic Institute on the land of Panchayat lying vacant near the village Falwari in Hathin Constituency; if so, the details thereof ?

Haryana Vidhan Sabha Secretariat LIBRARY Chandigarh

**शिक्षा मंत्री (श्री रामबिलास शर्मा):**

नहीं, श्रीमान जी.

---

**Skill Development Programmes**

***71. Smt. Kiran Choudhary:** Will the Technical Education Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to introduce more Skill Development Programmes for Youth in the State for generating more employment opportunities; and

(b) if so, details thereof, together with the number of new curriculum/ courses introduced for Skill Development of Youths alongwith the steps being taken by the Government in this regard ?

**शिक्षा मंत्री (श्री रामबिलास शर्मा):**

(क) हाँ, महोदया।

(ख) मौजूदा कार्यक्रमों के अलावा, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की एकीकृत कौशल विकास योजना (ISDS) को युवाओं के लिए अधिक रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए राज्य में लागू करने के लिए अनुमोदित किया गया है जिसकी कुल परियोजना लागत 20 करोड़ रुपये है। स्कीम के अन्तर्गत खर्चे का 75 प्रतिशत वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एवं 25 प्रतिशत हिस्से का योगदान राज्य सरकार द्वारा होगा। वस्त्र से सम्बन्धित पाठ्यक्रम गारमेंट्स कताई, बुनाई, हथकरघा, डाइंग इत्यादि को सात जिलों में यानि पानीपत, गुड़गांव, फरीदाबाद, हिसार, भिवानी, रोहतक और अम्बाला में शुरू किया जाएगा। महानिदेशक, रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा मॉड्यूलर रोजगार कौशल (एमईएस) आधारित कौशल विकास पहल स्कीम के अन्तर्गत मंजूर किए गये पाठ्यक्रमों को पढ़ाया जाएगा।

---

**Replacement of Olden Electricity Wires**

***95. Sh. Parminder Singh Dhull:** Will the Chief Minister be pleased to state the time when the Government started the work for complete replacement of obsolete electricity wires in the Julana assembly constituency?

**मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) :** श्रीमान जी, पुरानी बिजली तारों को बदलना एक लगातार प्रक्रिया है। निर्वाचन क्षेत्र, जुलाना में 01/04/2013 से 48 किलोमीटर पुरानी बिजली तारों को बदला जा चुका है।

**Construction of Power House**

***302. Sh. Balwan Singh :** Will the Chief Minister be pleased to state the time by which the constrution work of the sanctioned Power Houses in village Bangaon and Sector-3, HUDA, Fatehabad is likely to be completed?

**मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) :** श्रीमान, गांव बनगांव और सैक्टर-3 हुडा, फतेहाबाद में 33 के0वी0 सब-स्टेशन का निर्माण कार्य 30.6.2016 तक पूरा होने की संभावना है।

---

**Mother Unit of Industry**

***111. Smt Seema Trikha :** Will the Industries and Commerce Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to set up the 'Mother Unit' of Industry in Faridabad; if so, the time by which it is likely to be set up?

**वित्त मंत्री (कैप्टन अभिमन्यु) :** श्रीमान जी, वर्तमान में कोई प्रस्ताव नहीं है।

---

# अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर

## Population of Scheduled Tribes

**42. Sh. Karan Singh Dalal :** Will the Welfare of Scheduled Castes and Backward Classes Minister be pleased to State the total population of the Schedule Tribes in the State?

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री (श्रीमती कविता जैन):** श्रीमान जी नहीं, हरियाणा राज्य के लिए अनुसूचित जनजाति की कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई इसलिए हरियाणा राज्य में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या शून्य समझी जाए।

## Shifting of Minor

**41. Sh. Karan Singh Dalal:** Will the Irrigation Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to widen the new Shamdo minor and also to shift it outside the Rupgarh village ?

**कृषि मंत्री (श्री ओम प्रकाश धनखड़):** नहीं, श्रीमान जी,

## Policy to Construction of New Stadium

**25. Sh. Parminder Singh Dhull:** Will the Sports & Youth Affairs Minister be pleased to State the policy of the Government to construct new sports stadium in the village of the State ?

**खेल मंत्री (श्री अनिल विज):** हरियाणा खेल तथा शारीरिक उपायुक्तता नीति, 2015 के अन्तर्गत ब्लाक तथा ग्राम पंचायत में 'योग एवं व्यायामशाला' नाम का एक नया कार्यक्रम चलाया गया है। जहां प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक मिनी स्टेडियम को विकसित किया जायेगा, जिसे 'योग एवं व्यायामशाला' कहा जायेगा। गांव में मिनी स्टेडियम के लिए 2 एकड़ या इससे अधिक भूमि की आवश्यकता होगी। राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों में से ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाणा ग्रामीण विकास निधि बोर्ड की सहायता से नई खेल अवसंरचनाओं का निर्माण जारी रखेगी।

## Deaths due to Cancer and Swine Flu

**Sh. Karan Sing Dalal**
**43. Sh. Hari Chand Middha** } : Will the Health Minister be pleased to state—

(a) the number of deaths occurred due to Cancer and Swine Flu in the State during the year 2014-15 together with the particular region or area;

(b) steps taken by the Government to prevent the diseases mentioned at (a); and

(c) whether there is any proposal under consideration of the Government to give financial help to the persons suffering from the abovesaid diseases ?

**स्वास्थ्य मंत्री (श्री अनिल विज):**

**कैंसर**

(क) वर्ष 2014-2015 के दौरान राज्य में कैंसर के कारण हुई मौतों की संख्या कितनी है तथा विशेष क्षेत्र कौन सा है;

- वर्ष 2014-2015 के दौरान राज्य में कैंसर के कारण 3218 मौतें रिपोर्ट हुई हैं।

(ख) ऊपर के भाग (क) में वर्णित बीमारी की रोकथाम करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाये गये;

- जागरुकता पैदा करने के लिए विभाग द्वारा जीवन शैली में परिवर्तन, दैनिक व्यायाम, संतुलित आहार, स्वास्थ्य खान-पान की आदतें कैंसर के लक्षणों पर 5 प्रकार के पोस्टर राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में प्रदर्शित करने के लिए विकसित किए गए।
- जब से कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग तथा अपघात की रोकथाम एवं नियंत्रण का राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है तब से राज्य में 7 नवम्बर को राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन के बारे में 6 और 7 नवम्बर, 2014 को विज्ञापन जारी किए गए।
- बीमारी के सामान्य लक्षणों की पहचान करने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है।
- गैर संचारी रोग क्लीनिक में मरीजों को बीमारी के सामान्य लक्षणों और जोखिम कारकों के बारे में सलाह दी जाती है।
- 42 चिकित्सा अधिकारियों और 7 महिला चिकित्सा अधिकारियों को सबसे आम कैंसर के निदान करने में प्रशिक्षित किया गया है।
- 3 लैब तकनीशियनों, जिला मेवात, कुरुक्षेत्र और गुड़गांव प्रत्येक जिले से एक को साय्टोपैथोलोजी में कौशिकी एवं निवारक अर्बुदशास्त्र संस्थान, नोएडा में दो महीने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।
- राज्य के विभिन्न जिलों में डॉ0 रेड्डीज द्वारा कैंसर के बारे में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।
- कैंसर का पता लगाने के लिए जिला अम्बाला, कुरुक्षेत्र, मेवात, पंचकूला और यमुनानगर में फाईन नीडल एसपिरेशन साय्टोलोजी और Pap स्मीयर की सेवाएं शुरू की गई हैं।
- 2014 में कैंसर को असाधारण राजपत्र, हरियाणा में अधिसूचित किया गया है, जिसके तहत कैंसर निदान और इलाज करने वाले केंद्रो को अनिवार्य रूप से कैंसर के मामलों की सूचना रिपोर्ट करनी होगी।

(ग) क्या उपरोक्त बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

- नहीं, परन्तु कैंसर रोगियों को राष्ट्रीय आरोग्य निधि योजना और मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज का लाभ दिया जा रहा है।
- कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग अपघात की रोकथाम एवं नियंत्रण के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत जरुरतमंद कैंसर रोगियों को मुफ्त कीमोथेरेपी देने के लिए कार्यक्रम कार्यन्वयन योजना (पी0आई0पी0) 2015-16 में कीमोथेरेपी के लिए फंड प्रस्तावित किये गये हैं।

**स्वाइन फ्लू**

(क) वर्ष 2014-15 के दौरान राज्य में स्वाइन फ्लू के कारण हुई मौतों की संख्या कितनी हैं तथा विशेष क्षेत्र कौन सा है;

- वर्ष 2014-15 में हरियाणा में स्वाईन फ्लू से अभी तक कुल 26 मृत्यु हुई हैं।
- जिलानुसार मृत्यु का विवरण निम्नानुसार है:-

**वर्ष 2014-15**

| जिले का नाम | H1N1 से अब तक के मृत्यु के मामलों की कुल संख्या |
|---|---|
| अम्बाला | 2 |
| भिवानी | 2 |
| फरीदाबाद | 2 |
| फतेहाबाद | 1 |
| गुड़गांव | 0 |
| हिसार | 2 |
| झज्जर | 1 |
| जीन्द | 2 |
| कैथल | 0 |
| करनाल | 2 |
| कुरुक्षेत्र | 5 |
| मेवात | 0 |
| नारनौल | 0 |
| पलवल | 0 |

| 1 | 2 |
|---|---|
| पंचकूला | 2 |
| पानीपत | 0 |
| रिवाड़ी | 1 |
| रोहतक | 1 |
| सिरसा | 0 |
| सोनीपत | 0 |
| यमुनानगर | 3 |
| **कुल** | **26** |

(ख) सरकार द्वारा (क) पर वर्णित बीमारी की रोकथाम के लिये उठाये गये कदम:

- स्वाइन फ्लू मामलों के प्रबन्धन, दवाएं, आई0ई0सी0 गतिविधियों से सम्बन्धित विस्तृत दिशा निर्देश (सर्दी के बढ़ते ही) 29-12-2014 को पुन: निर्देशित कर दिये गये थे।

- उपचार पूर्णतया भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जा रहा है तथा स्वाइन फ्लू के मामलों को लक्षणों तथा रोगी के स्वास्थ्य के आधार पर ए0बी0 तथा सी0 वर्गों में बांटा गया है।

  **वर्ग 'ए'** :- जिन रोगियों को मामूली बुखार, खांसी और गले में खराश, बदन दर्द अथवा बदन दर्द के बिना, सिर दर्द तथा उल्टियां लगी हो, उन्हें टेमीफ्लू दवा की जरुरत नहीं है तथा एच0वन0एन0वन0 परीक्षण की कोई आवश्यकता नहीं होती ।

  **वर्ग 'बी'** :- ए0 वर्ग के चिन्हों एवं लक्षणों के अतिरिक्त उच्च जोखिम समूह के रोगियों जैसे, गर्भवती महिलाएं, 65 वर्ष और इस से अधिक आयु के रोगी, फेफड़ों के रोग से पीड़ित रोगी, ह्रदय रोग, जिगर रोग, गुर्दे के रोग, रक्त डिसार्डर, मधुमेह, स्नायु रोग, कैंसर, एच0आई0वी0/एड्स तथा दीर्घकालिक कॉपटीसोन की थैरेपी पर निर्भर रोगी बी-वर्ग में सम्मिलित है । इन रोगियों को घर में अलग रखने तथा ओसेल्टेमीवीर द्वारा उपचार करने की आवश्यकता होती है। इन रोगियों का एच0वन0एन0एच0 परीक्षण आवश्यक नहीं है।

  **वर्ग 'सी'** :- वर्ग सी में वे रोगी आते हैं जिन्हें सांस फूलने, सीने में दर्द, उनींदापन, थूक में खून आना, नाखूनों का रंग नीला होना तथा पुरानी बीमारी के और बिगड़ने की समस्या हो। वर्ग-सी के सभी रोगियों को एच0वन0एन0वन0 परीक्षण और तत्काल अस्पताल में भर्ती करके उपचार की आवश्यकता है।

- हरियाणा राज्य में एच0वन0एन0वन0 जांच के लिए दो अधिकृत प्रयोगशालाएं जोकि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र नई दिल्ली तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अन्वेषण संस्थान (PGIMER) चण्डीगढ़ है।
- स्वाइन फ्लू पर नियंत्रण पाने हेतु क्या करना चाहिए व क्या न करना चाहिए सहित आवश्यक सावधानियों के बारे में लोगों का मार्ग दर्शन करने बारे समाचार-पत्रों में विज्ञापन जारी किये गये।
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा इलैक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से आम जनता से सीधा सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनके प्रश्नों के सन्तोषजनक उत्तर दिये गये।
- सभी जिलों के शिक्षा अधिकारी, स्कूलों के प्रधानाचार्य, पंचायत के सदस्यों, भारतीय चिकित्सा संगठन के सदस्यों तथा निजी अस्पताल के डाक्टरों के साथ बैठकों, प्रिन्ट मीडिया तथा इलैक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से सूचना तथा प्रसारण गतिविधियां चलाई जा रही हैं।
- पी0जी0आई0एम0ई0आर0 चण्डीगढ़ पी0जी0आई0एम0एस0, रोहतक के उच्च अधिकारियों तथा क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार के साथ स्वाइन फ्लू के रोगियों के प्रबंधन की स्थिति और स्तर की समीक्षा के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, हरियाणा द्वारा बैठक करवाई गई।
- अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, हरियाणा, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा तथा राज्य सरविलेन्स अधिकारी द्वारा सभी सिविल सर्जनों के साथ विडियो कॉनफिरेन्सिंग के माध्यम से निगरानी और समीक्षा हर सप्ताह की जा रही है।
- सभी 21 जिलों की सर्वेक्षण यूनिटों से दैनिक रिपोर्ट प्राप्त हो रही है तथा इसका मूल्यांकन एवं निगरानी राज्य सर्वेक्षण यूनिट द्वारा किया जा रहा है।
- सभी जिलों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध हैं तथा साथ ही किसी भी तत्काल आवश्यकता में सिविल सर्जन को अपने पास उपलब्ध बजट में से खर्च करने के लिए पूरी तरह से सशक्त (empowered) किया गया हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भारत सरकार से पर्याप्त मात्रा में Tamiflu व पी0पी0ई0 किट प्राप्त की हैं।
- जरुरत पड़ने पर सभी जिलों के निजी अस्पताल वेंटीलेटर सुविधा देने के लिए तैयार हैं। सरकारी मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में कुल 70 वेंटीलेटर उपलब्ध है तथा 254 वेंटीलेटर निजी अस्पतालों में उपलब्ध हैं तथा सभी जिलों में आईसोलेशन वार्ड में 142 बैड उपलब्ध हैं।
- सरकारी संस्था में भर्ती रोगियों के लिए यदि आवश्यक हो तो सिविल सर्जन निजी अस्पतालों में उपलब्ध वेंटीलेटर प्रयोग में ला सकते हैं। इस खर्च का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा।

(ग) क्या उपरोक्त बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन ?

- नहीं, स्वाईन फ्लू से पीड़ित मरीजों को वित्तीय सहायता देने का सरकार के पास अभी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।
- लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी संस्थानों में अपना इलाज करा रहे मरीजों तथा उनके संपर्क में रहने वाले लोगों को मुफ्त में टेमिफ्लू दवाएं उपलब्ध करवायी जा रही हैं। अभी तक कुल 8520 टेमिफ्लू दवाई मरीजों तथा उनके संपर्क में रहने वाले लोगों को दी जा चुकी है।
- स्वास्थ्य विभाग ने पत्र क्रमांक 32/3- आई0डी0एस0पी0/09/413, दिनांक 2/12/2009 के तहत यह नीति बनाई हैं कि यदि मरीज सरकारी संस्था द्वारा किसी निजी संस्था में भेजा जाता हैं तो सरकार वेंटीलेटर का खर्च वहन करेगी।

---

## Construction of Roads

**46. Shri Hari Chand Middha:** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to State-

(a) the time by which the costruction work of road from village Dalamwala to Naguran falling of under the Uchana and Jind Assembly constituency is likely to be completed; and

(b) whether there is any proposal under consideration of the Government to reconstruct the road from the residence of Superintendent of Police of District Jind to bye pass of Safidon road which has been damaged completely ?

**लोक निर्माण मंत्री (श्री नरवीर सिंह) :**

(क) श्रीमान जी, इस कार्य के 30.9.2015 तक पूर्ण होने की सम्भावना है।

(ख) श्रीमान जी, जिला जींद के पुलिस अधीक्षक के निवास से सफीदों सड़क के बाई पास तक की सड़क हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित है। अनुमान तैयार करने के लिए एन0आई0टी0 कुरुक्षेत्र द्वारा डिजाईन किया जा रहा है।

---

## Area under National Capital Region

**44. Sh. Karan Singh Dalal:** Will the Chief Minister be pleased to state the details of areas included in the National Capital Region from Haryana together with benefits likely to be accorded to such areas ?

**मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल):** हरियाणा राज्य के 11 जिले नामत: गुड़गांव, रेवाड़ी फरीदाबाद, पलवल, मेवात, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, झज्जर, महेन्द्रगढ़ और भिवानी को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (रा०रा०क्षे०) में शामिल किया गया है। जींद व करनाल जिले को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल करने की प्रस्तावना को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2014 को हुई बैठक में अनुमोदित किया गया था परन्तु इस आशय की अधिसूचना अभी तक भारत सरकार द्वारा जारी नहीं की है।

राष्ट्रीय राजधानी योजना बोर्ड अन्य गतिविधियों के अलावा सरकारी विभागों, विकास प्राधिकरणों/निगमों, शहरी सुधार न्यासों, शहरीय स्थानीय निकायों को सड़क चौड़ा करने/सुदृढ करने/पुलों/फ्लाई ओवर बनाने, जलापूर्ति, साफ-सफाई, विद्युत, जल निकास, तथा मल संग्रह तथा मलजल निस्तारण/सोलिड वेस्ट मैनेजमैन्ट, सामाजिक बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्टों तथा अन्य योजनायें, जो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की क्षेत्रीय प्लान 2021 के उद्देश्यों के अनुरूप हों, को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। बोर्ड प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत का 75 प्रतिशत तक ऋण के साथ-साथ जल वितरण व साफ-सफाई के प्रोजेक्टों का स्वीकृत लागत के 15 प्रतिशत तक का अनुदान प्रदान करता है। बोर्ड इस ऋण की राशि पर प्रोजेक्ट की प्रकृति अनुसार 7.50 प्रतिशत से लेकर 9.25 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज वसूलता है एवं निर्धारित शैडयूल अनुसार ऋण की मूलधन राशि अदा करने पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की छूट प्रदान करता है। इस ऋण की भुगतान अवधि मूलधन की 2 वर्ष की अधिस्थगन अवधि उपरान्त 10 वर्ष है।

---

**Land Acquisition**

47. **Sh. Hari Chand Middha:** Will the Revenue and Disaster Management Minister be pleased to state—

(a) the toatal acreage of land acquired by the Government in Districts Gurgaon and Jhajjar during the financial year 2014-15;

(b) the total acreage of land acquired by the State Government during the year 2009 to 2014; and

(c) whether the scheme for which land was acquired have been materialized; if not, whether the land has been returned to the farmers?

**वित्त मंत्री (कैप्टन अभिमन्यु):**

(क) वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान सरकार द्वारा जिला गुड़गांव में कुल 447.57 एकड़ तथा जिला झज्जर में कुल 1211.95 एकड़ भूमि अभिग्रहीत की गई।

(ख) वर्ष 2009 से 2014 के दौरान राज्य सरकार द्वारा कुल 37710.79 एकड़ भूमि अभिग्रहीत की गई।

(ग) कुल अभिग्रहीत की गई भूमि में से जिला गुड़गांव में 1247 एकड़ भूमि तथा जिला कैथल में 11.71 एकड़ भूमि क्रमश: एच०एस०आई०आई०डी०सी० विभाग तथा गृह/पुलिस विभाग के स्टे/लिटिगेशन के कारण कार्यान्वित नहीं हुई है। शेष अधिगृहीत भूमि कार्यान्वित हो चुकी है। अत: कुल 1258.71 एकड़ भूमि कार्यान्वित नहीं हुई है। अभी तक भूमि किसानों को वापस नहीं की गई है।

---

**Dry Port City in Prithla Development Plan**

**45. Sh. Karan Singh Dalal:** Will the Transport Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to connect the Prithla Dry Port Development Project with the Western Fright Corridor of Indian Railway together with the present status of the project?

**मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल)** : पृथला के अंतिम विकास प्लान 2031 अनुसार 3548 एकड़ (पृथला विकास प्लान के कुल अर्बनाईजेबल क्षेत्र का 40.59 प्रतिशत) भूमि में शुष्क बन्दरगाह (ड्राई पोर्ट) प्रस्तावित किया गया है। यह शुष्क बन्दरगाह दिल्ली-मथुरा रेलवे लाईन तथा भारतीय रेलवे के प्रस्तावित पश्चिमी मालभाड़ा गलियारा (वेस्टर्न फराईट कॉरिडोर) के दोनों तरफ प्रस्तावित किया है। विकास प्लान के सैक्टर-1 व 6ए में इस गलियारे का एक स्टेशन यार्ड भी प्रस्तावित है।

डैडीकेटिड फ्रेट कोरीडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटिड, जो कि भारत सरकार का एक उपक्रम है, के प्रोजेक्ट प्रबंधक अनुसार पलवल जिले में इस गलियारे के फेज-III की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा 20-12-2014 को इसका पंचाट (अवार्ड) भी घोषित हो चुका है। इस गलियारे को 2019 तक पूर्ण करना प्रस्तावित है।

---

**To Open a CHC**

**48. Sh. Hari Chand Middha:** Will the Health Minister be pleased to state—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to open a Community Health Centre in village Dalamwala falling under the Jind Assembly constituency; and

(b) the norms fixed by the Government to open a Community Health Centre?

**स्वास्थ्य मंत्री (श्री अनिल विज):**

(क) नहीं, श्रीमान जी।

(ख) मानकों अनुसार एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 80,000 से 1,20,000 की जनसंख्या के साथ-साथ सम्बन्धित पंचायत के प्रस्ताव अनुसार भवन निर्माण के लिए चार एकड़ निःशुल्क भूमि तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चलाने के लिए निःशुल्क अस्थाई भवन जब तक नया भवन पूर्ण नहीं हो जाता, पर खोला जाता है।

---

## बैठक का स्थगन

**मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल):** अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के सामने एक प्रस्ताव और रखता हूं कि आज की हाउस की प्रोसीडिंग को एडजर्न कर दिया जाए ताकि जो विधायकगण और मंत्रीगण दिवंगतों के दाह संस्कार में शामिल होना चाहें वे शामिल हो सकें ।

**श्री अध्यक्ष:** ठीक है, यदि सदन की सहमति हो तो आज सदन की सिटिंग को दिवंगत आत्माओं के सम्मान में एडजर्न कर दिया जाए ताकि मैम्बर्स दिवंगतों के दाह संस्कार में भाग ले सकें । यदि सदन की सहमति हो तो आज जो हाउस का पैंडिंग बिजनैस है वह अगले दिनों में टेक अप कर लिया जाए ।

**आवाजें:** ठीक है जी ।

**श्री अध्यक्ष :** ठीक है, माननीय सदस्यगण, अब यह सदन दिनांक 16 मार्च, 2015, दोपहर 2.00 बजे तक के लिए स्थगित किया जाता है।

*10.29 बजे (तत्पश्चात सदन की बैठक सोमवार दिनांक 16 मार्च, 2015, दोपहर 2.00 बजे तक *स्थगित हुई ।)

---

53379—HVS—H.G.P., Chd.

Haryana Vidhan Sabha Secretariat * Chandigarh
LIBRARY